**भारत सरकार**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय**

**लोक सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 3180**
**दिनांक 21 दिसम्बर, 2023**

**महानगर में पीएनजी की आपूर्ति**

**3180. श्री हाजी फजलुर रहमान :**

क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार ने उत्तर प्रदेश सहित देश के प्रत्येक महानगर में किन स्थानों पर पाइप द्वारा गैस कनेक्शन उपलब्ध कराए हैं;

(ख) देश के उस प्रत्येक महानगर क्षेत्र का ब्यौरा क्या है जहां ऐसे पाइप से गैस कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराए गए हैं या वे अब तक जहां तक नहीं पहुचे हैं; और

(ग) सरकार द्वारा इस संबंध में क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

**उत्तर**
**पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय में राज्य मंत्री**
**(श्री रामेश्वर तेली)**

(क) से (ग): पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शन उपलब्ध करवाना नगर गैस वितरण (सीजीडी) नेटवर्क के विकास का हिस्सा है तथा यह काम पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस विनियामक बोर्ड (पीएनजीआरबी) द्वारा प्राधिकृत कंपनियां कर रही हैं। 11ए सीजीडी बोली दौर पूरा होने के बाद देश की लगभग 98 प्रतिशत आबादी और भौगोलिक क्षेत्रों के भीतर स्थित महानगरों और जिला मुख्यालयों सहित 28 राज्यों/संघ शासित प्रदेशों में लगभग 630 जिलों में फैले हुए कुल भौगोलिक क्षेत्र के 88 प्रतिशत भौगोलिक क्षेत्र को कवर करते हुए 300 भौगोलिक क्षेत्रों (जीएज) को सीजीडी नेटवर्क के तहत कवर किया गया है। पूरे देश (उत्तर प्रदेश राज्य सहित) में पीएनजी घरेलू कनेक्शनों का राज्य-वार ब्यौरा **अनुलग्नक** में दिया गया है।

पीएनजीआरबी द्वारा निर्धारित न्यूनतम कार्य कार्यक्रम (एमडब्ल्यूपी) लक्ष्य के अनुसार प्राधिकृत कंपनियों को वर्ष 2032 तक पूरे देश में लगभग 12.50 करोड़ पीएनजी कनेक्शन उपलब्ध करवाने हैं।

देश में प्राकृतिक गैस की उपलब्धता का और विस्तार करने के उद्देश्य से पीएनजीआरबी ने अरुणाचल प्रदेश, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम, मणिपुर राज्यों और जम्मू और कश्मीर संघ शासित प्रदेश (यूटी) के शेष भागों तथा पूरे लद्दाख संघ शासित प्रदेश को कवर करते हुए 12वां और 12ए सीजीडी बोली दौर शुरू किए हैं।

अनुलग्नक

**महानगर में पीएनजी की आपूर्ति के संबंध में दिनांक 21.12.2023 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.3180 के भाग (क) और (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक**

देश भर में पाइप्ड प्राकृतिक गैस (पीएनजी) कनेक्शनों की सूची

| **राज्य/ संघ शासित प्रदेश** | **पीएनजी घरेलू कनेक्शन** |
|---|---|
| आंध्र प्रदेश | 2,66,223 |
| असम | 53,440 |
| बिहार | 1,21,737 |
| चंडीगढ़ | 26,354 |
| दादरा और नगर हवेली | 11,724 |
| दिल्ली | 14,94,562 |
| गोवा | 11,514 |
| गुजरात | 31,60,791 |
| हरियाणा | 3,47,217 |
| हिमाचल प्रदेश | 6,712 |
| झारखंड | 1,16,735 |
| कर्नाटक | 4,10,921 |
| केरल | 54,032 |
| मध्य प्रदेश | 2,21,456 |
| महाराष्ट्र | 33,17,083 |
| ओडिशा | 95,613 |
| पंजाब | 78,337 |
| राजस्थान | 2,46,472 |
| तमिलनाडु | 14,913 |
| तेलंगाना | 1,94,739 |
| त्रिपुरा | 60,566 |
| दमन और दीव संघ शासित प्रदेश | 5,178 |
| उत्तर प्रदेश | 15,09,282 |
| उत्तराखंड | 79,725 |
| पश्चिम बंगाल | 2,077 |
| **कुल** | **1,19,07,403** |

**स्रोत: पीएनजीआरबी**